तापमान

अधिकतम 42.2 डिग्री

न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 04 मई 2026

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

12 चिलचिलाती धूप में तेंदूपत्ता तोड़ रहे ग्रामीण लोगों को ...



12 गोपालपुर में चौदस पुन्नी पर आयोजन, मुकेश हुए...



## खबर संक्षेप

### किराना दुकान के सामने से बाइक चोरी

**महासमुंद।** किराना दुकान से बाइक चोरी के करीब 20 दिन पुराने मामले में सिटी कोतवाली थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध केस दर्ज किया है। अरंड के खिलावन दीवान ने पुलिस को बताया कि 16 अप्रैल को वह अपनी मोटर सायकल स्पलेंडर प्लस सीजी 06 जीजेड 4935 से किराना सामान लेने महासमुंद आया था। दोपहर 12 बजे महासमुंद के जगदंबा किराना स्टोर रेलवे स्टेशन रोड के पास अपनी मोटर सायकल को खड़ी कर किराना सामान खरीद रहा था।

# महंगाई हावी, निर्माणाधीन सड़कों पर डामर की परतें हुई पतली

## निर्माण के नाम पर केवल साइड सोल्डर में मुरुम ही डाली जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

निर्माणाधीन सड़कों पर डामर की परतें पतली हो गई है। डामर की बढ़ी कीमत सड़कों की सूरत बिगाड़ रही है। विभाग सड़क पर कई जगह डामर चढ़ाना ही भूल गया है। जो डामरीकरण किया गया है, वह भी अधूरा है। निर्माण के नाम पर केवल साइड सोल्डर में मुरुम ही डाली जा रही है। तुमगांव से महासमुंद मार्ग पर सड़क निर्माण महीनों से अधूरा है। जहां राहगीरों को आवागमन में बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है। अमेरिका, इजरायल और ईरान के युद्ध के कारण कई सेक्टर प्रभावित हुए है। हर सेक्टर में महंगाई के चपेट में हैं। ऐसे में जिले में अनेक योजनाएं भी प्रभावित है। इसमें करोड़ों की सड़कें भी शामिल है। इन कामों की रफ्तार धीमी पड़ गई है। वर्तमान में जिला मुख्यालय से तुमगांव तक सड़क चौड़ीकरण कार्य जारी है। तुमगांव से कौंदकेरा तक सड़क चौड़ीकरण के साथ ही डामरीकरण का कार्य किया गया है, लेकिन, वह भी आधा अधूरा है। निर्माण कार्य के नाम केवल सड़क के दोनों ओर मुरुम डालने का कार्य किया जा रहा है।



### जिला मुख्यालय की सड़क अधूरी

जिला मुख्यालय से मचेवा तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। व्यस्ततम मार्ग होने के बावजूद निर्माण कार्य धीमी गति से जारी है। यहां भी गिट्टी बिछाकर निर्माण कार्य अधूरा है। बरोंडा बाजार से मचेवा तक सफर मुश्किल हो गया है। लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



### डामर का रेट डबल, काम करना मुश्किल

बताया जाता है कि डामर का दाम डबल हो गया है। अन्य सामग्रियों के दाम भी बहुत बढ़ गए हैं। निर्माण की लागत भी बढ़ गया है। डामर की सप्लाई भी कम हो गई है। जिसके चलते डामरीकरण का कार्य प्रभावित हो रहा है। ऐसे में पुराने रेट पर किसी भी निर्माण एजेंसी व संबंधित विभाग के लिए काम मुश्किल हो गया। अब जब तक टेंडर नहीं बढ़ाया जाएगा, तब तक काम शुरू करना मुश्किल है।

## तपिश : चिलचिलाती धूप और भारी उमस के बीच नीट परीक्षा

# गर्मी ने बढ़ाई मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में प्रवेश के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) रविवार को जिले के चार निर्धारित केंद्रों पर संपन्न हुई। इस दौरान परीक्षार्थी न केवल प्रश्नपत्र की चुनौतियों से जूझते नजर आए, तेज गर्मी और उमस ने उनकी परेशानी को बढ़ा दिया। जिले में सुबह से ही तेज धूप थी। दोपहर होते-होते चिलचिलाती धूप और उमस ने आम जनजीवन को प्रभावित किया। इसके चलते कई केंद्रों पर उमस के कारण परीक्षार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। परीक्षा केंद्रों के बाहर अपने बच्चों का इंतजार कर रहे अभिभावकों के लिए भी यह समय काफी कष्टप्रद रहा। परिजन भी छांव की कमी और बढ़ते तापमान के कारण काफी परेशान दिखे। जिले के प्रमुख केंद्रों में से एक, शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय (मचेवा) में परीक्षा को लेकर विशेष व्यवस्था की गई थी। इस केंद्र में कुल आवंटित परीक्षार्थी 480 रहें जिसमें 471 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 9 अनुपस्थित रहे। केंद्र में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। छात्रों का कहना था कि कमरों में पंखे चलने के बावजूद उमस इतनी अधिक थी कि एकाग्रता बनाए रखने में कठिनाई हो रही थी।



### परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और व्यवस्था

जिले के चारों केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार पर गहन जांच के बाद ही छात्रों को प्रवेश दिया गया। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा जारी ड्रेस कोड और नियमों का कड़ाई से पालन कराया गया। जिले के अन्य केंद्रों पर भी स्थिति लगभग समान रही, जहां उपस्थिति का प्रतिशत काफी ऊंचा रहा।

### छात्रों की समस्याएं

परीक्षा के बाद परीक्षार्थियों ने बताया कि इस बार प्रश्नपत्र का स्तर मध्यम था, लेकिन मौसम की स्थिति उनके लिए सबसे बड़ी बाधा साबित हुई। केंद्रों पर ठंडे पानी की व्यवस्था तो थी, लेकिन परीक्षा हॉल के भीतर उमस भरे वातावरण से दिक्कत हुई। जिले के अन्य तीन केंद्रों में भी परीक्षार्थी गर्मी से बेहाल दिखे।

## गांजा तस्करी के मामले में दो आरोपियों को 15-15 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मादक पदार्थ गांजा परिवहन के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने महाराष्ट्र के दो आरोपियों 21 वर्षीय प्रज्वल लोखंडे पिता विकास लोखंडे थाना राजापेट अमरावती तथा यही के 24 वर्षीय शुभम पाडर पिता बाडू पाडर को 15-15 वर्ष के सश्रम कारावास और डेढ-डेढ लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर एक-एक वर्ष का सश्रम कारावास पृथक से भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार बागबाहरा थाना को 29 फरवरी 24 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक गोल्ड कलर की स्कोडा कार क्र. एमएच 04 डीवाई 6715 में दो व्यक्ति अवैध रूप से गांजा लेकर ओडिशा से बागबाहरा की ओर आ रहे है। सूचना पर पिथौरा चौक पहुंचकर बताए गए कार के आने पर घेराबंदी कर रोका गया। आरोपियों को मुखबिर से मिली जानकारी का हलावा देकर वाहन की तलाशी ली गई तो स्कोडा कार की पीछे डिक्की में पैकेटों में लिपटा हुआ 120 किग्रा. अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। जिसे बरामद कर एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई की गई और विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा गया था। जहां दो आरोपियों को धारा बी (ख) (।।) (ग) के तहत सजा सुनाई गई। अभियोजन की ओर विशेष लोक अभियोजन नूतन साहू ने पैरवी की।

# महिला की हत्या, आरोपी को उम्र कैद की सजा

**महासमुंद।** घर में घुसकर धारदार हथियार से हत्या कर मोबाईल चोरी कर ले जाने के मामले में अपराध दोष सिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया ने पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम झाखड़मुड़ा निवासी 22 वर्षीय जीतराम निर्मलकर पिता रामनारायण निर्मलकर को भारतीय न्याय संहित की धारा 103 (1) के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर 2 माह का अतिरिक्त दंड भुगतना होगा। इसी तरह धारा 332 (क) व धारा 305 (क) के तहत भी 3-3 वर्ष के सश्रम कारावास और 5-5 सौ रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाए जाने पर एक-एक माह का कठोर कारावास पृथक से भुगताए जाएगा। सभी सजाएं साथ साथ चलेगी। अभियोजन के अनुसार पटेवा थाना में आरती निषाद ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 29 अक्टूबर 24 की रात करीब 3 बजे उसके पिता रामप्रसाद ने फोन कर सूचित किया कि तुम्हारी मां खीरबाई उर्फ राजकुमारी पटेल की मृत्यु हो गई है। सूचना पर अपने पति ओंकार निषाद के साथ रायमुड़ा पहुंची तो उसकी मां परछी में रखे खाट पर मृत अवस्था में पड़ी थी। गले के बाएं ओर किसी धारदार हथियार से गहरे चोट निशान दिख रहा था पूछने पर उसके पिता ने बताया कि 28 अक्टूबर की रात वह खाना खाने के बाद साढ़े 10 बजे बस्ती तरफ चला गया था। रात्रि डेढ बजे घर वापस आया तो खीरबाई बिस्तर में मृत पड़ी थी। शिकायत पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान जानकारी हुई कि मृतका का मोबाइल अरसद खान के पास 2 हजार रुपए में जीतराम निर्मलकर ने गिरवी रखा है। इसके बाद जीतराम से पूछताछ की गई तो उसने थाना पटेवा में बताया कि खीरबाई की हत्या उसने लोहे का कत्तल मार कर दिया है तथा मोबाइल व पैसे ले गया था। विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौपा गया था। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक संजय गिरि ने पैरवी की।

# जहां पसरा रहता था सन्नाटा, वहां अब गूंजती है बच्चों की किलकारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

**दूधिया रोशनी में महिलाएं, बच्चे,वार्डवासी करते हैं रात में वाकिंग, निरीक्षण करने वार्डों में पहुंचे नपाध्यक्ष, हुआ भव्य स्वागत**

नगर के लोहिया चौक से पिटियाझर, गुलशन चौक से अयोध्या नगर, सुभाष नगर मंडी गेट से नया रावण भाठा, पिटियाझर से दलदली रोड नयापारा अब रात के समय भी जगमगाने लगे हैं। लंबे समय से इन मार्गों में अंधेरे की समस्या झेल रहे नगर वासियों को अब अंधेरे से मुक्ति मिल गई है। पालिका द्वारा इन मार्गों में दूधिया रोशनी प्रदान करने वाली स्ट्रीट लाइटें की नई व्यवस्था के बाद इन मार्गों का माहौल पूरी तरह बदल गया है। जहां पहले रात होते ही सन्नाटा और अंधेरा छा जाता था, वहीं अब लोग देर रात तक टहलते और समय बिताते नजर आ रहे हैं। महिलाएं वाकिंग करती और बच्चे बैडमिंटन खेलते नजर आ रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर नागरिकों को यह महत्वपूर्ण सुविधा मिली। अधंरे में इन मार्गों में असामाजिक तत्वों का डेरा, आवारा कुत्तों का भय आम नागरिकों को सताता रहता था। इन समस्याओं के निदान के लिए नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू की सोच और प्रयासों के तहत अब स्ट्रीट लाइटें लगने के बाद सड़क पर रोशनी बिखरी है। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने स्ट्रीट लाइट के शुभारंभ पश्चात शुक्रवार को देर शाम निरीक्षण करने पार्षदों के साथ संबंधित वार्डों में पहुँचे। जहां वार्डवासियों ने आतिशबाजी कर तथा फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।

अध्यक्ष साहू ने इस दौरान वार्डवासियों कहा कि आप सभी का स्नेह ही मुझे नगर के उत्तरोत्तर विकास के लिए प्रेरित करता है। नगरवासियों के विश्वास पर खरा उतरना ही मेरा दृढ़ संकल्प है।

### यह रहे इस दौरान मौजूद

इस दौरान सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, गुलशन साहू, पार्षदगण मुस्ताक खान (विक्की), सुनैना पप्पू ठाकुर, कल्पना सूर्यवंशी, ओमिन टोमन कागजी, नीरज चंद्राकर, चंद्रशेखर बेलदार, धनेंद्र विक्की चंद्राकर, राहुल आवड़े, बड़े मुन्ना देवार, एवं युवा साथी रामू साहू, जितेश साहू, कान्हा प्रधान, प्रदीप साहू, कैलाश मानिकपुरी, प्रकाश चंद्राकर, बिट्टू साहू, मनोज पटेल, आशीष सिक्का, अमन तांडी, चमन जगत, टीका पटेल, नीरज साहू, रूपेश प्रजापति, भोला चक्रधारी, मनोज सिन्हा सहित बड़ी संख्या में वार्ड की महिलाएं, बच्चे व बुजुर्ग उपस्थित रहे।

## नशे की हालत में सो रहा था युवक सोने की चेन और मोबाइल चोरी

**महासमुंद।** नशे की हालत में सो रहे युवक की सोने की चेन और मोबाइल चोरी के मामले में दो लोगों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को वार्ड 24 कुम्हारपारा निवासी चंद्रप्रकाश चंद्राकर ने बताया कि 30 अप्रैल की सुबह करीबन 9 बजे घर से निकला था और इसके बाद वह आशीष चंद्राकर के साथ वे दोनों पिटियाझर नया मंडी में शराब पीने के लिये बैठे थे। शराब सेवन के कुछ देर बाद आशीष कुछ काम है कहकर चला गया, लेकिन वह अकेला बैठा रहा। कुछ समय बाद प्रार्थी शराब के नशे में सो गया। दोपहर करीबन 12 बजे उठा तो देखा कि उसकी जेब से मोबाइल, नगदी रकम 300 रुपए और गले में पहना हुआ सोने की चेन कीमत 19,200 रुपए नहीं थे। जब उसने आसपास खोजबीन की तब पता चला कि सुभाष नगर के रहने वाले गणेश जगत और वीर कुमार तथा अन्य लोगों ने मिलकर उक्त सामानों की चोरी की है। मामले की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।






# सीएम की दो टूक- वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों में सुरक्षा मानकों का अक्षरशः पालन करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मध्यप्रदेश में हाल ही में हुए क्रूज हादसे की दुखद घटना के परिप्रेक्ष्य में छत्तीसगढ़ में संचालित सभी वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों की सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा करते हुए सुरक्षा मानकों का सुदृढ़ता से पालन करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा, जन सुरक्षा के विषय में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही पूर्णतः अस्वीकार्य होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धमतरी और कोरबा सहित अन्य सभी जिलों के कलेक्टरों को निर्देशित किया कि जिन स्थलों पर वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियां संचालित हो रही हैं, वहां सुरक्षा मानकों का तत्काल परीक्षण (सुरक्षा ऑडिट) सुनिश्चित किया जाए तथा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया का अक्षरशः पालन कराया जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संबंधित वाटर स्पोर्ट्स स्थलों पर उपयोग में लाए जा रहे उपकरणों का नियमित तकनीकी परीक्षण सुनिश्चित किया जाए। प्रशिक्षित एवं दक्ष मानव संसाधन की तैनाती की जाए तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु समुचित आपातकालीन प्रबंधन तंत्र सक्रिय रखा



जाए। साथ ही रेस्क्यू उपकरणों, लाइफ जैकेट एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता एवं कार्यशील स्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### नियमित समीक्षा करें

इन सभी व्यवस्थाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा की जाए और समय-समय पर इसकी रिपोर्ट राज्य शासन को प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि सतर्कता, संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए ही हम जन-जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं।

### उल्लंघन की स्थिति में जवाबदेही तय करें

*उन्होंने कलेक्टरों को यह भी निर्देशित किया कि वे इन व्यवस्थाओं की सतत निगरानी करें तथा किसी भी स्तर पर सुरक्षा मानकों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित अधिकारियों/संचालकों की जवाबदेही निर्धारित करते हुए आवश्यकतानुसार दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य शासन नागरिकों एवं पर्यटकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करता है। इस दृष्टि से यह आवश्यक है कि वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियां पूर्णतः सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं मानक अनुरूप संचालित हों, जिससे संभावित जोखिमों का प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके।*

## खबर संक्षेप



### मजदूर दिवस पर श्रमिकों को बांटे सकोरे, छाछ और गमछे

**रायपुर।** 'अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस' के अवसर पर छत्तीसगढ़ पंजाबी समाज द्वारा तेलीबांधा मरीन ड्राइव में शुक्रवार को भीषण गर्मी में कार्य कर रहे श्रमिक भाई-बहनों के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए एक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था की अध्यक्ष अलका मोदी एवं उनकी टीम के नेतृत्व में सुबह मरीन ड्राइव क्षेत्र में जुटे सैकड़ों श्रमिकों को चिलचिलाती धूप से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से उपयोगी सामग्री का वितरण किया गया। बढ़ते तापमान और 'लू' के प्रकोप को देखते हुए समाज द्वारा कई व्यवस्थाएं की गईं। जिसमें शीतल छाछ का वितरण, पक्षियों और स्वयं के उपयोग के लिए पारंपरिक मिट्टी के सकोरे वितरित किए गए। सिर को सीधी धूप से बचाने के लिए सभी मजदूरों को सूती गमछे भेंट किए गए। कार्यक्रम में अलका मोदी के साथ उनकी पूरी टीम और सीपीएसएस के अध्यक्ष सतिंदर कोहली, कोषाध्यक्ष विकास मोदी, यूथ विंग के अध्यक्ष विवेक साहनी, सचिव अमित वर्मा व अन्य सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

### सुशासन तिहार भाजपा सरकार का दिखावा, जनता के साथ धोखा : कांग्रेस

**रायपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने भाजपा सरकार की सुशासन त्योहार पर कहा, प्रदेश में विष्णु देव साय सरकार द्वारा मनाया जा रहा तथाकथित "सुशासन तिहार" दरअसल जनता को गुमराह करने का एक सुनियोजित राजनीतिक प्रपंच है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले वर्ष आयोजित सुशासन तिहार में लाखों की संख्या में आम जनता ने अपनी समस्याएं सड़क, नाली, पेयजल, बिजली, आवास, रोजगार एवं विभिन्न निर्माण कार्यों से जुड़ी मांगों को लेकर आवेदन दिए थे। भाजपा सरकार ने उन आवेदनों को न केवल नजरअंदाज किया, बल्कि उन्हें रद्दी की टोकरी में डालकर जनता की भावनाओं का घोर अपमान किया। उन्होंने कहा कि आज भी रायपुर ग्रामीण सहित पूरे प्रदेश में मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है।

### भाठागांव और संजय नगर में स्वच्छता जनजागरण अभियान



**रायपुर।** नगर निगम जोन 6 के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के भाठागांव क्षेत्र में और शहीद राजीव पांडे वार्ड के संजय नगर टिकरापारा क्षेत्र में जोन के स्वास्थ्य विभाग की ओर से जोन अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में शनिवार को रहवासियों के बीच स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर महिला स्वसहायता समूह की स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों ने लोगों को 4 डिब्बा सफाई प्रण्याली के बारे में अवगत कराया।

1 अप्रैल से लागू नए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के तहत 4 अलग-अलग प्रकार के कूड़ों को सुव्यवस्थित तरीके से अलग-अलग रंग के डस्टबिन में रखकर सफाई मित्रों को देने का आग्रह किया गया। नगर निगम जोन 6 के जोन कमिश्नर हितेंद्र यादव के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी आदित्य हजारी के मार्गदर्शन में नंदी चौक टिकरापारा के रहवासियो को स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के तहत शहर को साफ-सुथरा रखने और घरों व दुकानों से निकलने वाले कूड़ा को सफाई वाहन में आने वाले सफाई मित्रों को देने की अपील की गई। इस दौरान सदर बाजार मंडल अध्यक्ष संजय सोनी भी उपस्थित रहे।

## चारों विधानसभा में पार्टी की स्थिति के आधार पर तैयार की गई कार्यकारिणी

# जिला कार्यकारिणी में शहर की दक्षिण विधानसभा पर फोकस, यहां से सबसे अधिक पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर जिलाध्यक्ष की कार्यकारिणी में शहर की चारों विधानसभाओं को फोकस कर पदाधिकारी नियुक्त किए गए हैं। राजधानी रायपुर में रायपुर दक्षिण, रायपुर उत्तर, रायपुर पश्चिम और रायपुर ग्रामीण सीटों पर चुनाव की तैयारी के दृष्टिकोण से कार्यकारिणी में नियुक्ति की गई है।

छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद से रायपुर दक्षिण सीट ऐसी रही, जहां से कांग्रेस कभी नहीं जीत पाई। इस बार इस सीट पर फोकस करते हुए जिला कार्यकारिणी में सबसे अधिक 24 पदाधिकारी बनाए गए हैं। वहीं उत्तर विधानसभा से 17 पदाधिकारी बनाए गए हैं। दोनों विधानसभा मिलाकर कार्यकारिणी में एक तिहाई लोगों को यहां पर फोकस कर तैयार किया गया है। वहीं पश्चिम से 13 और ग्रामीण से 7 पदाधिकारी बनाए गए हैं।

कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने जिला कार्यकारिणी शहर की चारों विधानसभा सीटों के पूर्व विधायकों और नेताओं से चर्चा कर तैयार किया है। सक्रिय लोगों को अपनी टीम में तैयार कर उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर अपनी कार्यकारिणी तैयार की है। रायपुर दक्षिण विधानसभा के लिए जिन पदों पर कार्यकारिणी के लोगों को लिया गया है। उनमें 3 उपाध्यक्ष, 7 महामंत्री, 9 सचिव और 5 कार्यकारिणी सदस्यों को शामिल किया गया है। दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के लोगों को ही इसमें रखा गया है। सभी को यहां की गतिविधियों पर ध्यान देकर वहां के ब्लॉक एवं बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने की जिम्मेदारी दी गई है। यहां से भाजपा ने पिछले पांच चुनावों में लगातार जीत दर्ज की है। ऐसे में अब यहां पर कांग्रेस अलग से रणनीति बनाकर काम कर रही है।



### ग्रामीण में शहर से कम

रायपुर ग्रामीण विधानसभा सीट में शहर की कुछ एरिया आते है। इनमें शहर जिला कार्यकारिणी में 7 पदाधिकारियों को शामिल किया गया है। विधानसभा का अधिकांश हिस्सा ग्रामीण जिलाध्यक्ष में आता है। अतः शहरी क्षेत्र से सक्रिय नेताओं को शामिल किया गया है। आपसी सामंजस्य के तहत बनाए गए सभी सदस्यों को यहां की गतिविधियों में भाग लेने कहा गया है।



### पश्चिम विधानसभा पर भी ध्यान

रायपुर की पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से भाजपा ने दो और कांग्रेस ने एक बार जीत दर्ज की है। यहां पर कांग्रेस ने जिला कार्यकारिणी में ऐसे लोगों को शामिल किया है जो यहां के सीट पर दखल रखते हैं। इस विधानसभा में युवा नेताओं की खास दिलचस्पी की वजह से यहां के कार्यकारिणी में 13 पदाधिकारी शामिल किए गए है। यहां के पूर्व विधायक की सलाह और सक्रिय नेताओं समर्थकों को शामिल करते हुए इस विधानसभा में प्रतिनिधित्व दिया गया है। यहां के मुद्दों के आधार पर इस सीट पर कांग्रेस का आधार बढ़ाने का प्रयास हो रहा है।

### दूसरे नंबर पर उत्तर विधानसभा

शहर का उत्तर विधानसभा में दो बार कांग्रेस और तीन बार भाजपा का कब्जा रहा। कांग्रेस यहां पर अच्छी पकड़ रखने के बाद भी बागियों के कारण चुनाव में पीछे रह जाती है। कार्यकारिणी में इस बार जिलाध्यक्ष ने यहां से 17 लोगों को जगह दी है। कांग्रेस के पदाधिकारियों में यहां से 3 उपाध्यक्ष, 7 महामंत्री, 4 सचिव और 3 कार्यकारिणी सदस्यों को स्थान दिया गया है। यहां के पूर्व विधायक और सक्रिय नेताओं के माध्यम से कार्यकारिणी में इन पदाधिकारियों को उनकी सक्रियता के आधार पर शामिल किया गया है।

## बैज ने कहा- सरकार सुनिश्चित करे बस्तर में बिछी बारूदी सुरंगों से और जानें न जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



कांकेर में माओवादियों द्वारा लगाये गये आईईडी ब्लास्ट में एक इंस्पेक्टर और तीन सिपाही के शहीद होने की घटना पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, यह घटना बहुत दुखद है, ईश्वर शहीद जवानों की आत्मा को शांति दे तथा उनके परिजनों को इस असीम दुख को सहने की शक्ति दे। इस दुखद घटना में जो जवान घायल हुए हैं, उनका समुचित इलाज हो, ईश्वर उन्हें शीघ्र स्वस्थ करे। उन्होंने कहा, इससे साफ हो रहा कि खतरा अभी समाप्त नहीं हुआ है। नक्सलवाद एक ऐसा दंश है, जिसे छत्तीसगढ़ विशेष तौर पर बस्तर के लोग लंबे समय से झेल रहे हैं। सरकार केवल हवाई दावे करके अपने कर्तव्य से मुंह न मोड़े। सरकार यह भी सुनिश्चित करे कि अब वहां पर कोई और मौत नहीं हो। पूरे बस्तर में खतरनाक आईईडी प्रेशर बम जैसे न जाने कितनी घातक बारूदी सुरंगों का जखीरा दबा होगा, उसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता। सरकार इनसे छुटकारा के लिए विशेष अभियान चलाये, यह सुरंगें न सिर्फ सुरक्षा बलों, आम आदिवासी के लिए भी घातक है।

### आकस्मिक घटना अत्यंत पीड़ादायक : किरण



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कांकेर-नारायणपुर सीमा क्षेत्र में डी-माइनिंग और सर्च ऑपरेशन के दौरान शनिवार को हुए दुर्भाग्यपूर्ण आईईडी विस्फोट में शहीद जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा, माओवादियों द्वारा सुरक्षा बलों और निर्दोष ग्रामीणों को नुकसान पहुँचाने के इरादे से बिछाए गए आईईडी को हमारे सतर्क जवान लगातार बरामद कर निष्क्रिय कर रहे हैं। हाल के महीनों में सैकड़ों आईईडी बरामद कर बड़ी घटनाओं को टाला गया है, किंतु आज की यह आकस्मिक दुर्घटना अत्यंत पीड़ादायक है। राज्य सरकार और संगठन पूरी तरह से शहीद जवानों के परिवारों के साथ खड़ा है।

### सुशासन तिहार की सफलता से कांग्रेस में खलबली : ठाकुर



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार द्वारा आयोजित सुशासन तिहार को मिल रहे अपार जन-समर्थन के मद्देनजर कहा है कि प्रदेश के कोने-कोने में जनता जिस उत्साह के साथ इस उत्सव से जुड़ रही है, उससे कांग्रेस खेमे में भारी खलबली मच गई है। श्री ठाकुर ने कहा, सुशासन तिहार केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि पिछले ढाई साल के पारदर्शी और जवाबदेह शासन का रिपोर्ट कार्ड है। महतारी वंदन योजना, किसानों को धान का बकाया बोनस और रामलला दर्शन जैसी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन ने कांग्रेस के झूठ के पुलिंदे को ढहा दिया है। श्री ठाकुर ने कहा, कांग्रेस के नेता अब कुंठा में अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। पांच साल तक छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार का गढ़ बनाने वाले आज सुशासन शब्द से ही घबरा रहे हैं और कांग्रेस को अपना अस्तित्व खतरे में नजर आने लगा है।

## सुशासन तिहार में अवैध शराब बिक्री, सीमांकन-नामांतरण नहीं होने जैसी शिकायतें भी पहुंच रहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सुशासन तिहार अभियान में 2 दिन में ही साढ़े 14 हजार से ज्यादा आवेदन मिल चुके हैं। मांगों से जुड़े आवेदनों के अलावा अलग-अलग तरह की शिकायतें भी शासन-प्रशासन को मिल रही हैं।

हालांकि 2 दिनों में सिर्फ 7 सौ के आसपास ही शिकायतें मिलीं हैं, जो कुल आवेदन के 5 फीसदी से भी कम है। अभियान में जो शिकायतें मिलीं हैं उसमें नशीले पदार्थ और अवैध शराब बिक्री की 8 और एफआईआर दर्ज नहीं करने की भी एक शिकायत शामिल है। पोर्टल में दर्ज जानकारी के मुताबिक राजस्व विभाग की भी शिकायतें शासन तक पहुंचने लगी हैं। सीमांकन, नामांतरण नहीं होने की आधा दर्जन से ज्यादा शिकायतें आई हैं। इसी तरह अतिक्रमण, भूमि विवाद के भी दर्जनभर मामले पहुंचे हैं। बिजली से जुड़ी काफी शिकायतें भी अलग-अलग जिलों में पहुंची हैं। ट्रांसफार्मर, खंभे नहीं होने या उसमें बार-बार खराबी की 8 शिकायतें आ चुकी हैं। बिजली बिल को लेकर भी 4 लोगों ने शिकायत की है। स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टरों/कर्मियों की कमी की भी 2 शिकायतें दर्ज की जा चुकी हैं।

### सबसे ज्यादा आवेदन आवास, नगरीय एवं ग्रामीण विकास की

सुशासन तिहार में जो 14694 आवेदन 2 दिनों में आए हैं, उसमें सबसे ज्यादा 7835 आवास, नगरीय एवं ग्रामीण विकास से संबंधित है। इसमें भी ज्यादातर आवेदन प्रधानमंत्री आवास और विकास कार्यों से संबंधित हैं। खाद्य एवं उपभोक्ता मामले के 1488, राजस्व एवं भूमि संबंधित 1238, महिला समाज कल्याण के 844 एवं जल संसाधन विभाग के 799 आवेदन पहुंचे हैं।

### मंत्री-विधायक एवं अफसर भी पहुंचने लगे


सुशासन तिहार अभियान में पहले दिन से ही मंत्री-विधायक और अफसर सक्रिय हो गए हैं। मंत्री जहां अपने क्षेत्रों के गांवों में जाकर लोगों के आवेदन लेकर उसके निराकरण के निर्देश दे रहे हैं। वहीं विधायक भी लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं। अधिकारी और सरकारी अमला लोगों के आवेदन लेकर उसे निराकरण के लिए संबंधित विभागों में भेज रहे हैं।

## हमिंग कोटरी प्रोजेक्ट पर रेरा सख्त, 5 लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण ने हमिंग कोटरी (अमूल्य रियलकान) आवासीय सहकारी समिति मर्यादित, कचना से जुड़े एक मामले में सख्त रुख अपनाते हुए महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। प्रकरण में सुनवाई के बाद प्राधिकरण ने परियोजना में पाई गई विभिन्न कमियों को दूर करने के निर्देश दिए हैं।

आदेश के अनुसार, प्राधिकरण ने कहा है कि 60 दिनों के भीतर अधिनियम के तहत आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर सामान्य क्षेत्र का हस्तांतरण करे। साथ ही प्रोजेक्ट में बैडमिंटन कोर्ट, लॉन, क्लब हाउस और सीवरेज सिस्टम में आरसीसी चैंबर जैसी बुनियादी सुविधाएं




■ दो माह में बैडमिंटन कोर्ट, लॉन, क्लब हाउस और सीवरेज सिस्टम की सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश

उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा प्राधिकरण ने स्विमिंग पूल के इनलेट-आउटलेट और फिल्ट्रेशन चैंबर को व्यवस्थित करने, क्लब हाउस पर सोलर पैनल लगाने तथा सीवेज संबंधी समस्याओं को दूर करने को कहा है। एसटीपी के कंट्रोल पैनल को दुरुस्त करने और गार्डन में फव्वारा व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

### आदेश का पालन न होने पर कड़ी कार्रवाई

रेरा ने स्पष्ट किया है कि आदेशों का पालन नहीं होने पर संबंधित धाराओं के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, अनियमितताओं के चलते अनावेदकगण पर 5 लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है, जिसे शासन कोष में जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। यह आदेश प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं सदस्य द्वारा हस्ताक्षरित है, जिसमें आवेदक की शिकायतों को सही पाते हुए परियोजना में सुधार के लिए सख्त कदम उठाए गए हैं।

## प्रदेश के दिग्गज नेता जाएंगे वक्ता के रूप में हर जिले में

# भाजपा का जिलों में प्रशिक्षण वर्ग अब 11 से 30 मई तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन का प्रदेश के 36 संगठन जिलों में 11 से 30 मई के बीच में प्रशिक्षण वर्ग होगा। दो दिनों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में जहां प्रदेश के 11 दिग्गज विशेषज्ञ अलग-अलग विषयों पर प्रशिक्षण देने जाएंगे और भाजपा की रीति-नीति के बारे में बताएंगे, वहीं प्रशिक्षण वर्ग के जिलों के प्रभारियों को वहां पर दो दिनों तक रहना जरूरी होगा। भाजपा का राष्ट्रीय संगठन देश के हर राज्य में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित कर रहा है। राज्यों में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित करने से पहले मुंबई में एक राष्ट्रीय वर्ग का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया था। इसमें हर राज्य के प्रमुख पदाधिकारियों को बुलाकर वहां पर प्रशिक्षण दिया गया था। अब राज्यों के यही मास्टर ट्रेनर अपने-अपने राज्य में प्रशिक्षण देने का काम कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ से 28 भाजपा नेता प्रशिक्षण वर्ग में प्रशिक्षण लेकर आए हैं। अब यही नेता यहां पर प्रशिक्षण देने का काम कर रहे हैं।



### पहले मंडल, अब जिलों में प्रशिक्षण

प्रदेश भाजपा संगठन ने पहले चरण में अपने 479 मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग चलाया। अप्रैल में मंडलों का प्रशिक्षण वर्ग समाप्त होने के बाद जिलों के प्रशिक्षण वर्ग को लेकर रणनीति तैयार की गई है। मंडलों में सात विषयों पर प्रशिक्षण वर्ग हुआ था। अब जिलों में 11 विषयों में प्रशिक्षण वर्ग होगा। इनके लिए अलग-अलग वक्ता जाएंगे। जो विषय विशेषज्ञ हैं, उनमें क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, महामंत्री यशवंत जैन, अखिलेश सोनी, नवीन मार्कंडेय, सांसद संतोष पांडेय, संदीप शर्मा, अवधेश जैन सहित और कई वक्ता हैं। ये ही जिलों में जाकर अपने विषयों पर प्रशिक्षण देंगे। हर जिले के प्रशिक्षण वर्ग के लिए प्रभारी भी बनाए गए हैं। प्रभारियों को वहां पर पूरे प्रशिक्षण वर्ग का जिम्मा संभालना है तो उनके लिए जिलों में रात को रूकना भी होगा। पहले इसके लिए 5 से 20 मई की तिथि तय की गई थी, लेकिन अब इसको बदलकर 11 से 30 मई किया गया है।

## 16 से 30 अप्रैल तक 1 लाख 49 हजार से अधिक परिवारों ने की स्वगणना


# जनगणना में 51 हजार से अधिक कर्मचारी जुटा रहे जानकारी

### घर-घर पहुंचकर प्रगणक करेंगे मिलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का फील्ड कार्य आधिकारिक रूप से प्रारंभ हो गया है। 1 मई से शुरू हुआ यह महाभियान 30 मई तक चलेगा। कार्य के लिए राज्यभर में 51 हजार 300 प्रगणक और 9 हजार पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है, जो घर-घर जाकर डेटा एकत्रित कर रहे हैं।

इस बार की जनगणना ऐतिहासिक है, क्योंकि यह पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जा रही है। प्रगणक मोबाइल ऐप के जरिए मकानों की स्थिति, परिवारों को उपलब्ध सुविधाओं और परिसंपत्तियों से संबंधित कुल 33 प्रश्नों की जानकारी दर्ज करेंगे। प्रशासन ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि जब भी




प्रगणक उनके घर आएं, उन्हें सही और सटीक जानकारी प्रदान करें। आपका यह सहयोग केवल जानकारी मात्र नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में आपका अमूल्य योगदान है।

### उपलब्धियां और उत्साह का वातावरण

दुर्गम क्षेत्रों में मिसाल- बस्तर जिले के तोकापाल तहसील अंतर्गत ग्राम गाटम के प्रगणक ने विषम परिस्थितियों के बावजूद पहले ही दिन कार्य पूर्ण कर राज्य स्तर पर उत्साह का संचार किया। अभियान के पहले दिन ही जिला कलेक्टरों और नगर निगम आयुक्तों ने फील्ड में जाकर कार्यों का निरीक्षण किया और कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। स्व-गणना राज्य में डिजिटल साक्षरता का प्रभाव दिखा, जहाँ 16 से 30 अप्रैल के बीच 1 लाख 49 हजार 862 परिवारों ने वेब पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपनी गणना की।

### डेटा सुरक्षा और गोपनीयता की गारंटी

जनगणना निदेशालय ने आम नागरिकों को आश्वस्त किया है कि उनके द्वारा दी गई सभी व्यक्तिगत जानकारी जनगणना अधिनियम 1948 के तहत पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। यह जानकारी किसी भी टैक्स, पुलिस जांच या कोर्ट केस में साक्ष्य के रूप में उपयोग नहीं की जा सकती। यहाँ तक कि सूचना का अधिकार के माध्यम से भी व्यक्तिगत डेटा प्राप्त नहीं किया जा सकता। इन आंकड़ों का उपयोग केवल राष्ट्र निर्माण और जन कल्याणकारी योजनाओं के निर्माण हेतु किया जाएगा।

### अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्रवाई

प्रशासन ने जनगणना कार्य को लेकर सख्त रुख अपनाया है। रायपुर नगर निगम में ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले 44 कर्मचारियों को जनगणना अधिनियम 1948 और छत्तीसगढ़ सिविल आचरण नियमों के तहत नोटिस जारी किया गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जनगणना कार्य में बाधा डालना या इससे इनकार करना एक दंडनीय अपराध है।

## भगवान के दर्शन से मिट जाते हैं दुख-दोष : स्वामी सुखानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम की ओर से श्रीरामकृष्ण मंदिर में शनिवार से रामायण कथा का आयोजन कया गया। इस अवसर पर केंवट प्रसंग पर प्रवचन देते हुए रामकृष्ण मठ, भुज, गुजरात के अध्यक्ष स्वामी सुखानंद महाराज ने कहा कि आज बुद्ध-पूर्णिमा है, यह त्रिधन्य दिवस है और आज ही विश्वविख्यात रामकृष्ण मिशन का स्थापना दिवस है, ऐसे पावन दिवस पर श्रीराम कथा श्रवण करना बड़े सौभाग्य की बात है। राजा दशरथ अपने कान के पास एक पका बाल देखकर चिंतित हो गए और श्रीराम को अयोध्या का राज्य देने को तत्पर हो गए, किंतु आज हम लोगों के सबके बाल कितने पक गए हैं, फिर भी हम कुछ नहीं सोचते, केंवट भगवान श्रीराम से कहता है कि प्रभु मैं आपके मर्म को जानता हूँ, यदि आपको नदी के पार जाना है, तो पहले अपना चरण धोने के लिए मुझे कहिए। भगवान श्रीराम कहते हैं कि जो मेरी भक्ति



करता है, मैं उससे प्रसन्न रहता हूँ। यद्यपि लक्ष्मण जी और सीताजी ने श्रीराम की बात न मानकर साथ में वन गए, आज्ञा की अवहेलना की फिर भी भगवान उन पर प्रसन्न रहते हैं। गंगा पार कर नाव से उतर कर केंवट ने भगवान को दण्डवत प्रणाम किया। जब भगवान श्रीराम ने उसे कुछ देना चाहा, तो उसने कहा कि प्रभु आज मुझे सब कुछ मिल गया। हे प्रभु, मेरे सभी दोष, दुख दरिद्र मिट गए, भगवान का नाम लेने से काम, क्रोध आदि नियंत्रण में रहते हैं और भगवान के दर्शन से हमेशा के लिए काम, क्रोध, दोष आदि नष्ट हो जाते हैं।

# सतनामी समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों के एकीकरण की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के पहल पर राजधानी रायपुर के विमतारा सभा हाल में सतनामी समाज के एक दिवसीय सामाजिक एकीकरण एवं एक समान रीति-नीति पर अमल करने के लिए प्रदेश के अलग-अलग संगठन के पदाधिकारी व सभी राजनीतिक दल के मंत्री, विधायक, सांसद, पूर्व विधायक सांसद मंत्री व अन्य जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध जन, कवि लेखक, गुरु, राजमहंत व विभिन्न जिलों से आए हुए समाजजनों की उपस्थिति में रखा गया। उपस्थित जनसमूह द्वारा गुरु घासीदास बाबा के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया गया। प्रगतिशील छग सतनामी समाज के पदाधिकारियों द्वारा सभा हाल में आगंतुक समाज प्रमुखों का तिलक चंदन लगाकर व सफेद गमछा भेंटकर सभी का स्वागत अभिनन्दन किया गया।

सर्वप्रथम प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेशाध्यक्ष एलएल कोशले ने समाज की एकीकरण एवं समन्वय हेतु तथा समाज में जन्म-मृत्यु विवाह संस्कार की कुछ कुरीतियों को दूर कर नये संशोधन करने प्रदेश स्तर पर समाज के एक ही रीति रिवाज लागू करने 15 बिंदुओं पर सामाजिक सुधार के लिए प्रस्ताव रखा गया। इसके अलावा बलौदा बाजार आगजनी कांड मामले में समाज की निर्दोष लोगों के प्रकरण के निराकरण शासन स्तर पर करने के संबंध में प्रस्ताव रखा। जिस




पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए समाज प्रमुखों ने समाज सुधार से संबंधित 15 बिंदुओं की लिखित रीति-नीति का समर्थन करते हुए समाज के सभी अलग-अलग संगठन का एकीकरण करने पर जोर दिया। तेलासीपुरी धाम के गुरु आसम दास एवं छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री दयालदास बघेल अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा, पूर्व मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया, पूर्व सांसद गोविंद राम मिरी, पूर्व सांसद पीआर खूंटे, कमला पाटले, पूर्व विधायक एवं अजा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सनम जांगड़े, पूर्व संसदीय सचिव चंद्रदेव राय, पूर्व विधायक संजय ढीढी, कामदा जोल्हे, पदमा मनहर, गोरेलाल बर्मन, आरपी भतपहरी, बेदराम मनहरे, बीरेंद्र ढीढी, मती पार्वती ढीढी, बीएल कुर्रे, डॉ लक्ष्मण भारती, एडवोकेट चंद्रप्रकाश जांगड़े, रेशम कुर्रे, राजमहंत दशेराम खांडे, अग्रलाल जोशी सहित प्रमुख पदाधिकारियों ने सामाजिक सम्मेलन में अपने विचार रखें। सभी वक्ताओं ने सामाजिक एकीकरण के लिए प्रदेश के सामाजिक संगठनों में समन्वय बनाकर एकजुटता से कार्य करने एवं रीतिनीति में कुछ संशोधनों के साथ 15 बिंदुओं के प्रस्ताव को समाज में अमल करने का आह्वान किया। साथ ही सभी राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों ने दलगत राजनीति भावना से ऊपर उठकर समाज हित में काम करने की संकल्प दोहराया। बलौदा बाजार आगजनी कांड में फंसे समाज के सभी निर्दोष लोगों की केस वापसी हेतु पहल करने की बात कही।

प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में लिए गए प्रमुख 15 निर्णयों में सामाजिक कार्यक्रमों में गुरु घासीदास का एक ही आरती गायन करने। सभी जगह प्रत्येक सोमवार को जैतखाम या गुरुद्वारा में गुरु वंदना अनिवार्य रूप से करने, सामाजिक कार्यक्रमों में सफेद वस्त्र धारण करना, छत्तीसगढ़ में गुरु घासीदास बाबा के जयंती केवल 18 दिसंबर को एक दिन मनाने एवं जयंती कार्यक्रम में सतनाम भजन, पंथी चौका आरती का ही आयोजन करने तथा नाच गम्मत, आर्केस्ट्रा जैसे कार्यक्रमों पर पूर्ण पाबंदी करने, सामाजिक एकजुटता के लिए प्रदेश एवं जिलों में क्रियाशील सामाजिक संगठनों से एकीकरण एवं समन्वय स्थापित कर समाज हितार्थ कार्य करने व नशापान पर प्रतिबंध करने के निर्णय के साथ जन्म, विवाह और मृत्यु संस्कार के रीति-रिवाज मंक समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए नियमावली बनाने व आदर्श विवाह को प्रोत्साहित किया जाना अनिवार्य होगी। जैतखाम की स्थापना पर विवादों से बचने के समाज के सलाह पश्चात सर्वसम्मति से निर्विवाद जगह में ही स्थापित करने, मृत्यु पर कफन कपड़ा के बदले सहयोग राशि देने को कड़ाई से पालन करने। मृत्यु भोज पूर्णत प्रतिबंध करने, समाज में हो रही एकतरफा अंतरजातीय विवाह से हो रहे असंतुलन व विवाह विच्छेद या सामाजिक विवादों का निपटारा समाज स्तर पर करने, प्रतिवर्ष सामाजिक एकीकरण सम्मेलन आयोजित करने की निर्णय लिया गया।

उक्त प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में महासमुंद जिला से एसआर बंजारे, राजमहंत पीएल कोसरिया, दिनेश बंजारे, के सोनटके, विजय बंजारे, रेखराज बघेल, रतन बंजारे, कुमारी भास्कर, हीरालाल कोयल, विजय मिर्चे, घनश्याम जांगड़े, ईश्वर भारतद्वाज, गणेश टंडन, प्रोफेसर जगदीश खटकर आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### शराब बेच रहे व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** खेल मैदान पिथौरा के पास शराब की बिक्री कर रहे एक व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर खेल मैदान पहुंचकर घेराबंदी की गई। मौके पर एक व्यक्ति मिला, जिसने अपना नाम लोकनाथ जलक्षत्री पिता स्व.बेनीराम जलक्षत्री (50 साल) पिथौरा होना बताया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 09 पौवा गोवा अंग्रेजी शराब कीमत 1880 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

## निधन

### जोहतरी बाई साहू

**महासमुंद।** झालखम्हरिया निवासी जोहतरी बाई साहू (76) का 2 मई को निधन हो गया।



वे कार्तिकराम साहू, खेमराज साहू, पूर्व सरपंच यशवंत साहू, बलवंत साहू, बालाराम साहू की माता थीं। अंतिम संस्कार गृहग्राम स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे।




## मुकेश ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर किया पत्रकारों का सम्मान

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत खरोरा के संवेदना समूह के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर रविवार को महासमुंद प्रेस क्लब में पत्रकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। मुकेश ने पत्रकारों के योगदान की सराहना की, उन्हंने पत्रकारों को कलम, डायरी और पारंपरिक पाग से सम्मानित किया गया। इस दौरान सालिकराम कन्नौजे, बाबूलाल साहू, आनंदराम साहू, उत्तरा विदानी, विपिन दुबे, विजय चौहान, ललित मानिकपुरी, प्रज्ञा चौहान, संजय यादव, पोषण कन्नौजे समेत प्रेस क्लब परिवार की महिलाएं उपस्थित रहीं।



## दिवंगत मनोरथ लाल को अंतिम विदाई, गंगाभोज में जुटे हजारों लोग

**सरायपाली।** अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा महासमुंद के जिला संरक्षक एवं फुलझर राज यादव समाज (सरायपाली-बसना क्षेत्र) के पूर्व अध्यक्ष स्व. मनोरथ लाल यादव के निधन के पश्चात उनके गृह निवास में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जिसमें पूर्व राज्य मंत्री देवेंद्र बहादुर सिंह, फिंगेश्वर के नीलेंद्र बहादुर सिंह एवं अदितेंद्र बहादुर सिंह, क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद, क्षेत्रीय सांसद रूपकुमारी चौधरी के सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश चौधरी, पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल, खल्लारी विधायक के विधायक प्रतिनिधि मुकेश यादव सहित क्षेत्र के अनेक प्रमुख जनप्रतिनिधि, व्यापारी, किसान संगठन के प्रतिनिधि, पत्रकारगण, अधिवक्तागण, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पदाधिकारीगण, अधिकारी कर्मचारीगण, कांग्रेस, भाजपा के नेतागण और समाज के नागरिक शामिल हुए।



## भगवान परशुराम की निकली शोभायात्रा का स्वागत

**सरायपाली।** सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान विष्णु के छठें अवतार भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर परशुराम भगवान का विधि विधान से पूजा अर्चना कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा ओड़िया पारा टाउन हाल से निकल कर मेन रोड, जय स्तंभ चौक, गायत्री मंदिर, बैदपाली रोड, रेस्ट हाउस, चेक पोस्ट होते हुए रामचंडी भवन झिलमिला पहुंची। शोभायात्रा में बग्घी में भगवान परशुराम झांकी के रूप सवार थे। बाजे गाजे के साथ भगवान परशुराम के गगन भेदी जयकारे एवं आतिशबाजी के साथ शोभायात्रा आगे बढ़ रही थी। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया।

## भीषण गर्मी से बचाव के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अशवंत तुषार साहू ने कहा कि शहर के सभी ट्रैफिक सिग्नल को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक बंद किया जाए। यह व्यवस्था अस्थाई रूप से लागू की जाए। इसका उद्देश्य बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों, बीमार व्यक्तियों और आम जनता को अत्यधिक गर्मी से राहत प्रदान करना है। तुषार साहू ने नागरिकों से अपील की है कि सिग्नल बंद रहने के दौरान भी वे ट्रैफिक नियमों और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करें। इससे शहर में सुरक्षित और सुगम यातायात सुनिश्चित किया जा सकेगा। गर्मी या लू के कारण किसी भी स्वास्थ्य संबंधी परेशानी की स्थिति में नागरिक यातायात अधिकारियों या कर्मचारियों से संपर्क कर सकते हैं। ऐसे यात्रियों को कंट्रोल रूम के माध्यम से तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इसमें नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि सिग्नल बंद होने पर महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों को चौराहे पार करने में प्राथमिकता के आधार पर सहायता प्रदान करें, ताकि उन्हें लू का सामना न करना पड़े। साथ ही, गर्मी से बचाव के लिए चिकित्सकों द्वारा दिए गए स्वास्थ्य सुरक्षा सुझावों का भी पालन करने की सलाह दी गई है।



## गीतिका ने बढ़ाया स्कूल व गांव का मान, प्रदेश महिला मोर्चा ने छात्रा को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- इस वर्ष विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया, किया गया सम्मानित

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हुए कक्षा 12वी बोर्ड परीक्षा परिणाम ने केपी इंटरनेशनल स्कूल के पूरे विद्यालय परिवार को गर्व, खुशी और भावनाओं से भर दिया। इस वर्ष विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया और क्षेत्र में अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का एक बार फिर परिचय दिया।



निजी स्कूल की छात्रा गीतिका प्रधान ने 12वीं में 97 प्रतिशत अंक हासिल कर राज्य में 7वां व जिले की मेरिट सूची में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। गीतिका, जयप्रकाश प्रधान/जयश्री प्रधान की पुत्री हैं। उन्होंने अपनी मेहनत और लगन के बल पर यह सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि पर पुष्पलता चौहान प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा के साथ छुईपाली मंडल के सभी भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि उनकी सफलता अन्य विद्यर्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

## हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी की परीक्षा में सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर (छग) द्वारा आयोजित हाई स्कूल-हायर सेकेंडरी की परीक्षा में स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम विद्यालय में 87 प्रतिशत रहा। जिसमें खेमचंद साहू 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किए। इसी तरह योगिता ध्रुव 81.8 प्रतिशत द्वितीय एवं वर्षा यादव 79.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किए। इस प्रकार कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 75 प्रतिशत रहा। जिसमें भूमिका साहू 89 प्रतिशत, नियति साहू 86 प्रतिशत, शौर्य सिन्हा 83.16 प्रतिशत, 82.5 प्रतिशत, दीपेश गजेंद्र 81.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। इसी प्रकार कक्षा 5वीं एवं 8वीं दोनों कक्षा का परीक्षा परिणाम 100% रहा। छात्रों की इस उपलब्धि पर आदर्श शिक्षा मंडल समिति के संरक्षक मोहन चोपड़ा, अध्यक्ष राजेश लूनिया, उपाध्यक्ष संध्या शर्मा, सचिव घनश्याम



सोनी, सहसचिव गोवर्धन प्रधान, कोषाध्यक्ष महेश मक्कड़, सदस्य डॉ. अनिल अग्रवाल, महेश चंद्राकर, धर्मेंद्र महोबिया, भूपेंद्र राठौर, डा.विमल चोपड़ा, दुवन चंद्राकर, भारती गुप्ता, मनीषा ढोंक, उत्तरा प्रहरे, दुर्गेश चंद्राकर, उमेश भारती गोस्वामी, प्राचार्य देवराज वर्मा, परीक्षा प्रभारी मनोज साहू, परीक्षा सहायक शिवकुमार कन्नौजे आदि ने हर्ष जताया है।

### सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम, ट्रैफिक नियमों से कराया अवगत

**रायपुर।** मौदहापारा में सड़क सुरक्षा को लेकर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सुरक्षित भवः फाउंडेशन एवं मारुति सेल्स कॉर्पोरेशन के तत्वावधान में किया गया, जिसमें रायपुर ट्रैफिक पुलिस का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा आमजन, कर्मचारियों एवं युवाओं को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करना था। प्रशिक्षण के दौरान यातायात नियमों, सुरक्षित ड्राइविंग तकनीकों, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग तथा दुर्घटना के समय प्राथमिक सहायता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

## धार्मिक आयोजन से गांव में भक्ति और एकता का माहौलः प्रकाश

### भीषण गर्मी में भी अतिथि देवो भवः की भावना से ग्रामवासियों ने सभापति का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत ठाकुरपाली के आश्रित ग्राम बिरसिंगपाली में आयोजित अष्टप्रहरी नाम संकीर्तन महायज्ञ में जनपद पंचायत बसना के सभापति एवं क्षेत्र क्रमांक 21 अंकोरी के जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा शामिल हुए। आयोजन के दौरान पूरे गांव में भक्ति, उत्साह और सामूहिक सहभागिता का अद्भुत वातावरण देखने को मिला।

ग्रामवासियों द्वारा अतिथि देवो भवः की भावना के साथ भीषण तपती गर्मी में भी कीर्तन दल के साथ भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया, जिससे सिन्हा भाव-विभोर हो उठे। उन्होंने इस आत्मीय स्वागत के लिए कीर्तन दल एवं समस्त ग्रामवासियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। पारंपरिक वाद्य यंत्रों, भजन-कीर्तन और धार्मिक उल्लास ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा हमारी समृद्ध परंपराओं को सशक्त बनाने के साथ नई पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के दौरान सिन्हा ने ग्रामीणों से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान ग्रामीणों ने पेयजल की समस्या के स्थायी समाधान एवं परगला तक सड़क निर्माण की मांग रखी। इन महत्वपूर्ण मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए उन्होंने शीघ्र निराकरण के लिए आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया और कहा कि क्षेत्र के विकास एवं जनसमस्याओं के समाधान के लिए वे निरंतर प्रतिबद्ध हैं तथा हर संभव प्रयास करते रहेंगे। इस महायज्ञ में विधायक कार्यालय प्रभारी महेंद्र प्रधान, सोसायटी अध्यक्ष मुरली नायक, विजय पटेल, सुजीत दास सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, महिलाएं, युवा एवं कीर्तन मंडली के सदस्य उपस्थित रहे।



### कचना की जीएडी कालोनी में बोर सूखे, पानी का संकट

**रायपुर।** नगर निगम जोन 9 क्षेत्र स्थित कचना की जीएडी कालोनी में बोरवेल का जलस्तर नीचे जाने से वहां पानी की किल्लत हो रही है। कालोनी के जी ब्लाक में 60 और एच ब्लाक में 100 मकान स्थित है। प्रभावित कालोनी के रहवासियों ने लोक निर्माण विभाग को इससे अवगत कराया। इसके बाद भी पानी की समस्या बनी हुई है। भुक्तभोगियों का ये भी कहना है कि पिछले दस दिनों से उनके कालोनी में पानी की समस्या बनी हुई है। मोतीलाल नेहरू वार्ड के जीएडी 209 आवासीय कालोनी में लोक निर्माण विभाग के संपवेल से पानी की आपूर्ति होती है। बोरवेल का जल स्तर गहराने से यहां रहने वाले कालोनी वासियों को पानी के लिए परेशानी हो रही है। लोक निर्माण संभाग क्रमांक 3 के कार्यपालन अभियंता ने नगर निगम के जोन 9 कमिश्नर को पत्र लिखकर जीएडी कालोनी की पानी समस्या दूर करने पानी की पाइप लाइन कनेक्शन दिए जाने आग्रह किया है।

## कमर्शियल सिलेंडर के दामों में भारी वृद्धि के खिलाफ जिला कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में बढ़ती महंगाई और कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में अचानक की गई 993 रुपए की भारी बढ़ोतरी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने जोरदार प्रदर्शन किया। केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर करने के लिए कांग्रेस के कार्यकर्ता और पदाधिकारी बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरे। यह विरोध प्रदर्शन जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारकाधीश यादव के नेतृत्व में आयोजित किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता एकजुट नजर आए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से द्वारकाधीश यादव अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद, रश्मि चंद्राकर पूर्व अध्यक्ष, अमरजीत चावला वरिष्ठ कांग्रेस नेता, कांग्रेस पार्टी के अन्य स्थानीय सदस्य और भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।




### प्रदर्शन के दौरान की गई मांगें

प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मांग की कि बढ़े हुए दामों को तत्काल वापस लिया जाए। अध्यक्ष द्वारकाधीश यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि महंगाई आज अपने चरम स्तर पर पहुंच गई है। डीजल, पेट्रोल और अब गैस के बढ़ते दामों ने आम जनता का बजट बिगाड़ दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इन बढ़ी हुई कीमतों को कम नहीं किया, तो कांग्रेस पार्टी अपना आंदोलन और तेज करेगी।

### विरोध का मुख्य कारण

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कमर्शियल सिलेंडर के दाम में एक साथ 993 रुपए की वृद्धि करना व्यापारिक वर्ग और आम जनता की जेब पर सीधा प्रहार है। उनका तर्क है कि जब कमर्शियल सिलेंडर महंगा होता है, तो होटल, रेस्तरां और छोटे खाने-पीने के दुकानों पर मिलने वाली चीजों के दाम अपने आप बढ़ जाते हैं। इससे आम आदमी के लिए बाहर खाना या नाश्ता करना भी मुश्किल हो जाता है।

## विपरीत असर डालने वाली दवाओं का हेल्थ सेंटरों में लेखा-जोखा नहीं, रजिस्टर मेंटेनेंस की हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्वास्थ्य पर विपरीत असर डालने वाली दवाओं का रिकार्ड रखने में सरकारी अस्पताल गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। जांच के लिए पहुंची औषधि निरीक्षकों की टीम ने दस हेल्थ सेंटरों को रजिस्टर मेंटेनेंस की सख्त हिदायत दी है। इसके अलावा मौजूदा वैक्सीन के रखरखाव के साथ दवाओं के स्टॉक को भी सटीक रखने कहा गया है। निजी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने सरकारी अस्पतालों को जांच दायरे में लाया है। टीम जांच के लिए शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मठपुरैना, चंगोराभाठा, भाठागांव, खोखो पारा, शुक्रवारी बाजार, रामनगर, हमर अस्पताल गुढ़ियारी के साथ जिला अस्पताल पंडरी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राखी, मंदिर हसौद के साथ हेल्थ मार्ट टेमरी (माना) में जाकर जांच की। नियमों के अनुसार स्वास्थ्य केंद्रों में फार्मेकोविजिलेंस प्रोग्राम ऑफ इंडिया के तहत विपरीत असर डालने वाली दवाओं का रिकार्ड रखना जरूरी होता है मगर किसी हेल्थ सेंटरों ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया है। स्टाफ को सख्त हिदायत दी गई है कि इस काम को अनिवार्य रूप से करें।





## खबर संक्षेप

### काम की धीमी रफ्तार के कारण स्थानीय लोग और छात्र काफी परेशान

**महासमुंद।** राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा



किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशवंत तुषार साहू ने बताया कि बरोंडा चौक से मचेवा (कलेक्टोरेट मार्ग) तक निर्माणाधीन सड़क से राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क चौड़ीकरण और डिवाइडर निर्माण के कारण मार्ग की स्थिति बदहाल है, जिससे धूल, गिट्टी से हादसों का खतरा बढ़ गया है। इस मुख्य मार्ग पर कलेक्टोरेट, सरकारी दफ्तर और कॉलेज होने से भारी ट्रैफिक का दबाव बना रहता है। निर्माण के कारण उड़ने वाली धूल से राहगीरों को सांस लेने में दिक्कत और बीमारियों का खतरा बना हुआ है। सड़क चौड़ीकरण के चलते खुदाई और जर्जर स्थिति से दोपहिया वाहन चालकों के गिरने और चोटिल होने की घटनाएं आम हो गई हैं। यह मार्ग कलेक्टोरेट को जोड़ता है, ऐसे में निर्माण कार्य के कारण पीक ऑवर्स में लंबा ट्रैफिक जाम लगता है।

## निधन

### उषा वर्मा

**महासमुंद।** स्थानीय जगत विहार



कॉलोनी निवासी उषा वर्मा पति स्व. ज्ञानेंद्र प्रसाद वर्मा (66 वर्ष) का स्वर्गवास 2 मई को हो गया है। जिनका अंत्येष्टि का कार्यक्रम गृह ग्राम सतभावा (तिल्दा) में किया गया। वे लोक निर्माण विभाग महासमुंद में कार्यरत आशीष वर्मा की माता थीं।



**तेंदूपत्ता संग्रहण**

**अरंड (पिथौरा)।** क्षेत्र में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य शुरू हो गया है। ग्राम अरंड के कक्ष क्रमांक एक एवं खुटेरी कक्षा क्रमांक 2 का फड़ प्रभारी एवं पोषक अधिकारी ने निरीक्षण किया। तेंदूपत्ता की गड्डी संख्या सही पाई गई। इस दौरान फड मुंशी वीरेंद्र ध्रुव मौजूद रहे।

# चिलचिलाती धूप में तेंदूपत्ता तोड़ रहे ग्रामीण लोगों को सीजन का सालभर रहता है इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में छत्तीसगढ़ का 'हरा सोना' कहे जाने वाले तेंदूपत्ता की तोड़ाई का कार्य शुरू हो चुका है। मौसम अनुकूल होने के कारण इस बार पत्तों की गुणवत्ता अच्छी बताई जा रही है, जिससे ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिल रहा है।

तेंदूपत्ता तोड़ाई करने के लिए इन दिनों का ग्रामीणों को पूरे साल बेसब्री से इंतजार रहता है, क्योंकि तेंदूपत्ता तोड़ाई उनके लिए महत्वपूर्ण



मौसमी रोजगार का साधन है। जैसे ही सीजन शुरू होता है, गांवों में हलचल बढ़ जाती है और लोग सुबह से ही जंगलों की ओर निकल पड़ते हैं। चिलचिलाती धूप के बावजूद महिला-पुरुष और युवा जंगलों में कड़ी मेहनत करते हुए तेंदूपत्ता तोड़ रहे हैं। दिनभर पत्तों का संग्रह कर वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में जुटे हुए हैं। इस वर्ष तेंदूपत्ता का समर्थन मूल्य प्रति सैकड़ा 550 रुपये निर्धारित किया गया है, जिससे संग्राहकों को बेहतर आमदनी की उम्मीद है। संग्रहण केंद्रों में पत्तों की खरीदी भी शुरू हो गई है और समितियों द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है।

# गोपालपुर में चौदस पुन्नी पर आयोजन, मुकेश हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

ग्राम गोपालपुर में चौदस पुन्नी के पावन अवसर पर आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुकेश यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत गांव की खुशहाली एवं सुख-शांति के लिए विधि-विधान से पूजन एवं यज्ञ के साथ हुई।



प्रातःकाल से ही यज्ञ की आहूतियों के साथ पूरा गांव भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर गांव की उन्नति और सर्वजन हिताय की कामना की। इस दौरान मुख्य अतिथि मुकेश यादव ने यज्ञ में पूर्णाहुति दी और क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मुकेश यादव ने कहा कि चौदस पुन्नी का पर्व हमारी सांस्कृतिक एकता और पवित्रता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा, प्रेम और भाईचारे को मजबूत करते हैं। किसी भी गांव की वास्तविक प्रगति वहां की शांति और आपसी सद्भाव में निहित होती है। उन्होंने गोपालपुर की जनता की आस्था और एकजुटता की सराहना करते हुए सभी के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर सरपंच चक्रधर दीप, मिंकू आजमानी, स्वतंत्र पांडेय, उपसरपंच परमानंद यादव सहित जनकराम सिदार, शंकर भोई, धुरुलाल बरिहा, रणजीत भोई, राजू सिदार, संतराम भोई, दशरथी बरिहा, सुदर्शन बरिहा, जगमोहन पटेल, आंगत सिदार, गणपत यादव, उग्रसेन भोई समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- सुशासन तिहार का मिल रहा सकारात्मक परिणाम

भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री देवेंद्र चंद्राकर ने कहा कि आम नागरिकों को पारदर्शी, सरल और त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराना राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी कड़ी में सरकार द्वारा महासमुंद जिला सहित पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार का आयोजन कर शिविरों के माध्यम से जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। गत वर्ष आयोजित सुशासन तिहार के सकारात्मक परिणामों को देखते हुए इस वर्ष इसे और अधिक व्यापक स्वरूप में दिया जा रहा है। चंद्राकर ने कहा कि वर्तमान में 1 मई से 10 जून तक सुशासन तिहार चलाया जा रहा है। जिसमें शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं, मांगों, शिकायतों से संबंधित आवेदन लेकर उनका निराकरण किया जाएगा। देवेंद्र ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन की नई मिसाल कायम कर रही है। भाजपा सरकार द्वारा शुरू किए गए सुशासन तिहार की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि विष्णुदेव साय जैसा नाम, वैसा ही



उनका काम है। सरकार को बने अभी ढाई वर्ष भी नहीं हुए हैं और इतने कम समय में ही विकास का ठोस मॉडल छत्तीसगढ़ में सामने आ चुका है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जनता ने जनहित में कई प्रभावशाली निर्णय लिए हैं। सुशासन तिहार भी इसी दिशा में एक अहम पहल है। जिससे आम जनता को अपनी समस्याएं सीधे सरकार तक पहुंचाने का अवसर मिल रहा है। यह कार्यक्रम नगरीय निकायों, नगर पंचायतों और ग्राम पंचायत स्तर तक किए जाएंगे। सुशासन तिहार के दौरान नगरीय क्षेत्रों में वार्ड स्तर पर और ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत स्तर पर समाधान पेटियां रखी गई हैं, जिनमें आम लोग अपनी समस्या संबंधित आवेदन डाल सकते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार केंद्र में मोदी और राज्य में विष्णुदेव साय आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनती है और त्वरित समाधान सुनिश्चित करती है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए देवेंद्र ने कहा कि भूपेश बघेल के कार्यकाल में जनता की समस्याओं का समाधान नहीं हो पाता था, जिससे लोगों का कांग्रेस से मोह भंग हो गया और विधानसभा चुनाव में इसका परिणाम सबके सामने आ गया। उन्होंने महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की भी सराहना की और कहा कि वे भी जनता के सच्चे सेवक हैं। सिन्हा सीधे तौर पर जनता से जुड़े हुए नेता हैं ऐसे में उनके विधानसभा क्षेत्र में भी सुशासन तिहार पर अधिकारी जुटे हुए हैं। उनके विधानसभा क्षेत्र में जनता को हर जगह महत्व दिया जा रहा है यही कारण है कि सिन्हा अब जनता की पसंद बनते जा रहे हैं। महासमुंद-तुमगांव सड़क चौड़ीकरण की बात हो या फिर बीटीआई रोड सौंदर्यीकरण की, इस तरह के अनेक विकास सिन्हा के प्रयासों से महासमुंद विधानसभा में हो रहे हैं।

